हरिभूमि
सरगुजा- भूमि
बिलासपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



## खबर संक्षेप

### महुआ फसल की बढ़ी मांग, कीमतों में उछाल

**सोनहत।** गर्मी के मौसम में गरीबों के लिए एक अहम आय का स्त्रोत मानी जाने वाली महुआ फसल अब खत्म होने के करीब है, लेकिन इस फसल की खरीदी में तेजी आ गई है। विशेषकर महुआ फसल को शीत गृहों में स्टॉक करने की होड़ के चलते इसकी मांग में उछाल देखा जा रहा है। व्यापार से जुड़े स्थानीय संचालकों का कहना है कि इस समय महुआ की खरीदी में 3 से 5 रूपए प्रति किलो तक का उछाल देखने को मिल रहा है। महुआ की बढ़ती मांग के साथ दूर-दराज के व्यापारी भी अपने वाहनों में महुआ स्टॉक करने के लिए गांवों में डेरा डाले हुए हैं। वे रात-दिन महुआ की खरीदारी में जुटे हैं, ताकि इसका अधिकतम लाभ उठा सकें। इस कारोबार से जुड़े लोग कहते हैं कि इस समय महुआ की खरीदी में बहुत बढ़ोतरी हो गई है और फसल खत्म होने के बाद इसकी कीमतों में और भी वृद्धि हो सकती है। महुआ की कीमतों में यह उछाल ग्रामीणों के लिए एक सुनहरे अवसर के रूप में सामने आया है। खासकर महुआ एकत्र करने वाले गरीब संग्राहक इस बढ़ी हुई कीमत से काफी खुश हैं और उन्हें अपनी मेहनत का अच्छा मूल्य मिल रहा है।

### जिले में परिवहन सुविधा केन्द्र खोलने का सुनहरा अवसर

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में परिवहन सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल करते हुए परिवहन सुविधा केन्द्र की स्थापना केलिए इच्छुक व्यक्तियों एवं संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला परिवहन अधिकारी कोरिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य शासन की इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को परिवहन संबंधी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें विभिन्न कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित कार्यों के साथ-साथ ऑनलाइन आवेदन, शुल्क भुगतान, आवश्यक दस्तावेजों का स्कैन एवं अपलोड तथा विभिन्न प्रपत्रों का प्रिंट आउट जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, इससे नागरिकों को त्वरित एवं सरल सेवाएं मिलेंगी और प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत पूर्व में भी आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसके अंतर्गत एमसीबी जिले के जनकपुर क्षेत्र के लिए प्रक्रिया संचालित की गई थी। अब पुनः चयनित क्षेत्रों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिससे अधिक से अधिक इच्छुक आवेदक इस योजना से जुड़ सकें। इच्छुक आवेदकों को 15 मई तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया है।

### शांतिपूर्ण एग्जाम में 1652 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

# 19 परीक्षा केन्द्रों में हुई उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग राज्य कृषि विपणन बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक की भर्ती परीक्षा व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को 19 परीक्षा केन्द्रों में सफलता पूर्वक आयोजित की गई। उक्त परीक्षा के लिए कुल 4855 अभ्यर्थी पंजीकृत रहे, इनमें से अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों में कुल 3203 अभ्यर्थी आयोजित परीक्षा में शामिल हुए, वहीं 1652 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

मंडी उप निरीक्षक की परीक्षा शहर के सभी शिक्षण संस्थानों के अलावा शहर से लगे सलका के शिक्षण संस्थानों के साथ ग्राम बिशुनपुर के हायर सेकेंडरी स्कूल को भी परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। आयोजित परीक्षा में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य मानसिक योग्यता, सामान्य ज्ञान, कम्प्यूटर ज्ञान से



संबंधित प्रश्न पूछे गए थे। व्यापम के निर्देश के अनुसार परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व ही परीक्षार्थियों को अपने केन्द्र परिसर में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे, इसके चलते विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में सुबह से ही अभ्यर्थी पहुंचना शुरू कर दिए थे और फिर विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में जांच प्रक्रिया के बाद अभ्यर्थियों को केन्द्र में प्रवेश दिया जाना शुरू किया गया और परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व 9:30 बजे के पश्चात किसी को भी प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया ,लेकिन इसके पश्चात भी विभिन्न परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थी पहुंचते रहे, जिन्हें प्रवेश नहीं दिया गया और इस तरह काफी संख्या में परीक्षार्थी विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए।

#### छग के राजकीय वृक्ष का वैज्ञानिक नाम पूछा

मंडी उप निरीक्षक की परीक्षा में सामान्य ज्ञान के अंतर्गत यह पूछा गया कि छग के राजकीय वृक्ष साल का वैज्ञानिक नाम क्या है, छग की पहली सौर ऊर्जा से संचालित कोयला खदान कौन सी है, महिला कबड्डी विश्व कप 2025 में छग की किस खिलाड़ी को प्लेयर आफ दी टूर्नामेंट चुना गया।

#### परीक्षा पश्चात सड़क पर अचानक बढ़ी भीड़

व्यापम द्वारा आयोजित मंडी उप निरीक्षक परीक्षा समाप्त होने के पश्चात विभिन्न परीक्षा केन्द्रों से परीक्षार्थी परीक्षा खत्म कर निकले तो कुछ देर तक शहर की विभिन्न सड़कों पर भीड़ बढ़ गई। शहर में साप्ताहिक बाजार दिवस होने और व्यापम की परीक्षा आयोजित होने से एकाएक शहर की सड़कों में यातायात का दबाव बढ़ गया था।

### लाखों फूंके फिर भी सूखे

# मनरेगा से डबरी निर्माण का लाभ कई पंचायतों में नहीं मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत पंचायत क्षेत्रों में लाखों करोड़ों रूपए के काम कराए जाते हैं, इनमें जल संरक्षण के लिए ग्राम पंचायत क्षेत्रों में डबरी निर्माण कार्य भी शामिल हैं।

जिले के विभिन्न पंचायतों में डबरी निर्माण कार्य कराए गए हैं, इनमें से कई डबरी में पर्याप्त पानी नहीं हैं या फिर डबरी सूखे पडे हुए हैं। जल संरक्षण के नाम पर डबरी निर्माण कार्य लाखों रूपए खर्च करने के बाद भी कई पंचायतों में निर्मित डबरी सूखी हुई, इससे किसानों को सिंचाई के लिए कुछ भी लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसा ही हाल जिले के जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत ग्राम पंचायत नौगई के आश्रित ग्राम आनंदपुर का है। यहां की सूखी डबरी को देखकर निर्माण की गुणवत्ता और उपयोगिता पर भी प्रश्न खड़ा कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार गाम पंचायत नौगई के आश्रित ग्राम आनंदपुर में



सुदामा पिता फूलसाय के नाम मनरेगा के तहत डबरी निर्माण कार्य कराया गया था, इसके लिए लाखों रूपए स्वीकृत किए गए थे। नागरिक सूचना पटल में उक्त स्थान पर डबरी निर्माण कार्य की पूर्णता तिथि 22 मई 2024 अंकित है, लेकिन लगभग दो साल में भी लाखों की निर्मित डबरी में वर्तमान में एक बूंद पानी जमा नहीं है और न ही डबरी के भीतरी भाग में नमी दिखाई पड़ती है। लाखों खर्च कर बनाया गया डबरी पूरी तरह से सूखा पड़ा है।

#### बरसात के बाद सूख जाता है डबरी

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार लाखों खर्च कर बनाए गए डबरी में बरसात के समय कुछ पानी जमा होता है, इसके बाद धीरे-धीरे करके पानी सूख जाता है। ग्रामीण बताते हैं कि निर्मित डबरी से सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी कभी नहीं मिलता। इस तरह सरकारी धन से लाखों खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को निर्मित डबरी का एक प्रतिशत भी लाभ नहीं मिल रहा।

# महुआ शराब पर कार्रवाई के दावे सवालों के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी

क्षेत्र में अवैध महुआ शराब के कारोबार को लेकर पुलिस प्रशासन के दावे और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है।

एक ओर जहां पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और नियंत्रण स्थापित करने की बात कही जा रही है, वहीं दूसरी ओर इलाके की स्थिति इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार कोरिया कालरी क्षेत्र में आज भी महुआ से बनी अवैध शराब का कारोबार खुलेआम जारी है। गली-मोहल्लों में



शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है और नशे में धुत लोग सार्वजनिक स्थानों पर घूमते नजर आते हैं, इससे न केवल कानून व्यवस्था पर असर पड़ रहा है, बल्कि सामाजिक वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। प्रशासन जहां कार्रवाई के दावे कर रहा है, वहीं अवैध शराब कारोबारी नए-नए तरीके अपनाकर अपने धंधे को जारी रखे हुए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या पर ठोस और निरंतर कार्रवाई नहीं की गई, तो इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ेगा।

उन्होंने आशंका जताई है कि इससे क्षेत्र में अपराध और सामाजिक अव्यवस्था बढ़ सकती है। अब बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या पुलिस की कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित है, या फिर जमीनी स्तर पर सख्ती लाने की आवश्यकता है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए प्रभावी और निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### स्टापर को सहेजने में लापरवाही



**बैकुण्ठपुर।** शहर क्षेत्र व बाहरी क्षेत्र में यातायात पुलिस का स्टापर कई स्थानों पर पड़ा है, इनमें शहर के महलपारा मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे स्टापर कई दिनों से गिरा पड़ा है।

# राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुए शिक्षक




**सोनहत।** विकासखंड सोनहत के शासकीय प्राथमिक शाला अकलासरई में पदस्थ सहायक शिक्षक रिपचंद साहू को राष्टयी स्तर पर राष्टीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्टीय शैक्षणिक सम्प्रवाह 2025-26 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी प्रयासों और उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।

श्री साहू ने अपने विद्यालय में शिक्षण को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए कई नवाचार किए हैं। उन्होंने छात्र-केन्द्रित शिक्षण पद्धतियों को अपनाते हुए बच्चों की सहभागिता बढ़ाई और सीखने की प्रक्रिया को सरल व आकर्षक बनाया। उनके प्रयास राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। यह सम्मान रायपुर में आयोजित एक राष्टीय कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। इसमें देशभर से आए शिक्षकों ने भाग लेकर अपने नवाचार साझा किए। कार्यक्रम का आयोजन नवाचारी गतिविधियां समूह, भारत द्वारा किया गया था। श्री साहू की इस उपलब्धि से पूरे कोरिया जिले में हर्ष का माहौल है। शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बधाई दी है।

# बलौदा मार्ग में खड़े ट्रकों से चोरों ने पार किया टायर और बैटरी

**अकलतरा।** नगर के बलौदा मुख्य मार्ग पर खाटू श्याम मंदिर के पास पर खड़े दो ट्रकों को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए कीमती टायर और बैटरियां पार कर दीं। घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रहसबेड़ा निवासी ट्रक मालिक राज मोहन भारद्वाज ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके दो ट्रक क्रमांक सीजी 10 डीए 2248 एवं सीजी 10 बीएस 5851 खाटू श्याम मंदिर के पास खड़ा था। 24 अप्रैल की रात जब वे पेपर बनवाने गए तब गाड़ियां सुरक्षित थीं।

लेकिन 25 अप्रैल की सुबह 4 बजे जब वे वापस लौटे, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। चोरों ने दोनों ट्रकों के दरवाजे खोलकर चार नग बैटरी और दो नग रियर टायर चोरी कर लिए थे। हैरानी की बात यह है कि चोरी किया गया सामान घटनास्थल से मात्र 200 मीटर की दूरी पर रास्ते



में बरामद हुआ, जिससे यह स्पष्ट होता है कि चोरों को पुलिसिया कार्रवाई का कोई भय नहीं है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहर में पुलिस गश्त नाममात्र की रह गई है। आए दिन हो रही इन छोटी-बड़ी वारदातों से स्पष्ट है कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। जनता की मांग है कि नगर में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए और सीसीटीवी कैमरों के जरिए संदिग्धों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए। बता दें कि सीसीटीवी फुटेज पर यह दिख रहा है रात तकरीबन 3 बजे बजे चोर पिकअप में चोरी का सामान चढ़ा रहे थे कोई गाड़ी वहां से गुजरती देखी तो समान छोड़ कर फरार हो गए।

# गहराया जल संकट, नहर का पानी खोलकर तालाब भरने की कवायद शुरू

**अकलतरा।** नगर के वार्ड क्रमांक 20 में लगातार गिरते जलस्तर के कारण पेयजल एवं निस्तारी संकट गहरा गया है। क्षेत्र के तालाब सूखने लगे हैं, जिससे आसपास के कई बोर सूख गए हैं और वार्डवीडियो को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वार्ड पार्षद राज कुमार सिंह नहर से तालाब में पानी भरने के लिए वार्ड वासियों के साथ नहर विभाग कार्यालय पहुंचे एवं अधिकारियों के साथ-साथ दूरभाष के माध्यम से एसडीओ से संपर्क कर क्षेत्र में लगभग 1500 की आबादी वाले मोहल्ले में सूखे बोर और जल संकट की जानकारी दी गई। जानकारी मिलने पर विभाग के अधिकारी अरविंद जैन मौके पर पहुंचे। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ द्वारा तत्काल नहर का पानी तालाब भरने के लिए



छोड़ने के निर्देश दिए गए। वार्ड वासी हरप्रसाद केवट, मेलाराम बंजारे, सोनू यादव एवं कपिल बंजारे सहित अन्य लोगों ने श्रमदान कर कार्य को पूर्ण कराया। वार्ड वासियों ने पार्षद एवं प्रशासन की त्वरित पहल की सराहना करते हुए जल्द राहत मिलने की उम्मीद जताई है।

# बार-बार बिजली गुल होने की समस्या से मिली राहत

**तुस्मा।** राहौद क्षेत्र के बेलारी भांठा गांव में लंबे समय से कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर के कारण ग्रामीणों को बिजली संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। बार-बार बिजली गुल होने व लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण काफी समय से परेशानी से जूझ रहे थे। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया,लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा था। कुछ दिन पूर्व भीम रेजिमेंट के संभाग अध्यक्ष दीपक मनहर अपने साथियों के साथ बिजली ऑफिस पहुंचे। उन्होंने गांव में लगे कम भार वाले ट्रांसफार्मर को बदलकर अधिक क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। इस पर बिजली विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर आशीष लहरें ने त्वरित कार्रवाई की।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 अप्रैल 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 9 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 03 मई, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

TOP IN SURGUJA

ASHISH
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 27 अप्रैल 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 वन वाटिका में बढ़ी रौनक, बोटिंग और चिल्ड्रन पार्क बने आकर्षण का केंद्र



## खबर संक्षेप

### रविंद्रनगर में अष्टम प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन 15 मई से

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत रविंद्रनगर में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में 15 मई से तीन दिवसीय अष्टम प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तीसरे वर्ष आयोजित कार्यक्रम में 15 मई को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा निकाल रात्रि में 9 बजे अधिवास किया जाएगा। 16 मई को सुबह 6 बजे से अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू किया जाएगा, जिसका 17 मई को सुबह 6 बजे संकीर्तन का समापन करके 7 से 9 बजे तक नगर भ्रमण करके पदावली कीर्तन व महाप्रसाद वितरण के बाद रात्रि 8 बजे से जलशा कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा।

### गर्भवती युवती की उपचार के दौरान गई जान

**अम्बिकापुर।** शादी से पहले गर्भवती हुई युवती की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पीएम के लिए मरच्यूरी कक्ष में रखा है। पुलिस के मुताबिक बैकुंठपुर क्षेत्र निवासी 25 वर्षीय युवती की गत दिन पेट में दर्द होने की शिकायत परिजन से की। परिजन युवती को तत्काल बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने जांच कर युवती के गर्भवती होने की जानकारी परिजन को दी। साथ ही युवती की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। रविवार की दोपहर परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई। शाम हो जाने के कारण पुलिस ने लाश को पीएम के लिए मरच्यूरी कक्ष में रखा है। इस बीच परिजन ने पुलिस को बताया कि युवती का विवाह हाल ही में होना था और जिस युवक से विवाह तय हुआ था वह अक्सर युवती से मिलता जुलता था।

### पेड़ से टकराई बाइक, सवार की मौके पर मौत

अम्बिकापुर। बाइक सवार अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे खंभा फिर पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम रेवापुर निवासी शिव शंकर राम शनिवार को बेटी उर्मिला के अंबिकापुर से बस से आने पर बाइक से लेने गया था। इसी बीच उर्मिला गांव के ही अन्य व्यक्ति की बाइक से घर आ गई। इधर बेटी के घर चले जाने पर पिता बाइक से घर आने लगा और जैसे ही चमोथी मुडा के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पहले खंभा से टकराने के बाद सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द किया है।

### बाइक भिड़ंत में एक ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम केवरा के समीप दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में एक ग्रामीण की मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम परमेश्वरपुर निवासी सुखलाल देवांगन 24 अप्रैल को किसी काम के सिलसिले में बाइक क्रमांक सीजी 29 एएफ 8541 से केवरा बस्ती गया था। काम निपटाने के पश्चात बाइक से वापस घर आने लगा तभी केवरा मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुखलाल देवांगन को गंभीर चोट टने से मौत हो गया। घटना की रिपोर्ट परिजन ने प्रतापपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

## विशुनपुर सामुदायिक भवन बना एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर

# आवारा कुत्तों का होगा बधियाकरण, राजस्थान की एनजीओ ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अब शहर में आवारा कुत्तों के आतंक से जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद है। हाईकोर्ट के निर्देश पर ननि प्रशासन ने आवारा कुत्तों के टीकाकरण एवं बधियाकरण करने की जिम्मेदारी राजस्थान के एक एनजीओ को सौंप दिया है। जिम्मेदारी लेने के बाद एनजीओ के कर्मचारियों ने आवारा कुत्तों को पकड़ने का काम शुरू कर दिया है।

**खास बात**

- ननि ने उपलब्ध कराया आवश्यक संसाधन, एंजेसी साथ-साथ करेगी कुत्तों का प्रबंधन

आवारा कुत्ते शहर के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं। मुख्य मार्ग के चौक-चौराहों या फिर शहर की गलियां सभी जगह आवारा कुत्तों का झुण्ड मौजूद है। कुत्ते दोपहिया वाहन चालकों को दौड़ाने के साथ ही कभी भी लोगों पर हमला करते हैं। कुत्तों के दौड़ाने से भी कई दोपहिया सवार घायल हो चुके है। आवारा कुत्तों के हमले में कई छोटे बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। आवारा कुत्तों ने हमला कर पालतू मवेशियों के शावकों की भी जान ले ली है। आवारा कुत्तों से परेशान शहरवासी लम्बे समय से इस संबंध में कारगर उपाय करने की मांग कर रहे थे। आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक एवं हमले से लगातार घायलों की संख्या बढ़ने पर सर्वोच्च ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को आवारा कुत्तों की बाढ़ को रोकने के साथ एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल्स का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए थे। शहर में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग हो रही थी। ननि प्रशासन भी इस दिशा में लगातार पहल कर रहा था लेकिन संस्थानों द्वारा अधिक राशि की मांग की जा रही थी जिसके कारण बात आगे नहीं बढ़ रही थी। कुछ दिनों पूर्व ही नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने झुनझुन राजस्थान की एजेंसी सिद्धि एनिमल वेलफेयर से राज्यस्तर पर करार कर संस्था को नगरीय निकायों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। निर्देश पर ननि प्रशासन के एनजीओ को भवन, वाहन सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध भी करा दिया है। सिद्धि एनिमल वेलफेयर ने शुक्रवार से आवारा कुत्तों की धर पकड़ प्रारंभ भी कर दी है। आवारा कुत्तों को पकड़ने एवं उनकी देखरेख के लिए एजेंसी ने 7 कर्मचारियों को तैनात किया है। कर्मचारी विभिन्न वार्डों में जाकर आवारा कुत्तों को पकड़ रहे हैं।




नवनिर्मित एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर।




डॉग कैचिंग वेन।

### विशुनपुर सामुदायिक भवन बना सेंटर

नगर निगम ने विशुनपुर स्थित सामुदायिक भवन को एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर बनाया है तथा भवन को सिद्धि एनिमल वेलफेयर को सौंपा है। आबादी क्षेत्र के बाहर इस भवन के कमरों में आवारा कुत्तों को पकड़कर रखा जाएगा साथ ही एजेंसी के पशुचिकित्सक उनका बधिया करेंगे। बधियाकरण के उपरांत कुत्तों के पूरी तरह स्वस्थ होने तक उनकी देखरेख की जाएगी तथा स्वस्थ होने पर जांच उपरांत उनके स्थाई रहवास क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। कुत्तों की नसबंदी के लिए एजेंसी मानक के अनुसार सेंटर में ऑपरेशन रूम बनाएगी साथ ही सर्जिकल उपकरण एवं आवश्यक दवाओं की भी व्यवस्था करेगी। एजेंसी आवारा कुत्तों की नसबंदी करने के साथ ही उनका टीकाकरण डिवर्मिंग सहित अन्य आवश्यक उपचार करेगी। कुत्तों की नसबंदी सहित अन्य गतिविधियों की विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी की जाएगी। आवारा कुत्तों संबंधी शिकायत के लिए ननि ने हेल्पलाइन नम्बर 1100 जारी किया है जिस पर शहरवासी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्रथम दौर में स्टेडियम, स्कूल, अस्पताल, बस स्टैण्ड जैसे सार्वजनिक स्थलों पर खतरा बने आवारा कुत्तों को पकड़ने पर जोर दिया जा रहा है।

### ननि कर्मी करेंगे मॉनिटरिंग

ननि द्वारा आवारा कुत्तों की धर पकड़ के लिए एजेंसी के लिए एजेंसी को डॉग केचर वाहन, डॉग केज, आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए जाली एवं टीका व दवाईयों को रखने के लिए फ्रीज उपलब्ध कराया गया है। राज्य शासन ने आवारा कुत्तों के बधियाकरण एवं टीकाकरण के लिए एजेंसी से 7 साल का करार किया है। करार के अनुसार एजेंसी आगमी सात सालों तक आवारा कुत्तों का प्रबंधन करेगी। नगर निगम के कर्मचारी एजेंसी के कार्यो का लेखा जोखा रखेंगे साथ ही नियमित मॉनिटरिंग भी करेंगे। करार के अनुसार राज्य शासन प्रति कुत्ते की दर से नसबंदी, डीवर्मिंग सहित अन्य सेवाओं के लिए एजेंसी को हर महीने भुगतान करेगा।

### खतरनाक कुत्ते रखे जाएंगे अलग

रेबीज संक्रमित एवं अत्यधिक आक्रामक कुत्तों को नसबंदी उपरांत वापस उनके रहवास क्षेत्र में नहीं छोड़ा जाएगा। रेबीज संक्रमण की रोकथाम एवं आक्रामक कुत्तों द्वारा लोगों पर हमला करने की संभावना को देखते हुए उनको अलग रखने की व्यवस्था की जाएगी। ऐसे आवारा कुत्तों को अलग रखने के साथ ही उनकी खास देखभाल एवं उपचार किया जाएगा। खतरनाक कुत्तों को अलग रखने से उनके हमले की संभावना खत्म हो जाएगी। पिछले दो दिनों में एजेंसी के डॉग कैचर टीम ने 20 से अधिक आवारा कुत्तों को पकड़ा है। शहर में लगभग 2000 आवारा कुत्ते हैं।

### दिए गए हैं आवश्यक संसाधन

शासन के निर्देश पर सिद्धि एनिमल वेलफेयर को विशुनपुर स्थित सामुदायिक भवन सहित अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा दिए गए हैं। एजेंसी ने आवारा कुत्तों की धरपकड़ प्रारंभ भी कर दी है। एजेंसी आगामी सात वर्षों तक आवारा कुत्तों का प्रबंधन करेगी।

-डीएन कश्यप
आयुक्त, ननि

# चार दिन बाद भी प्लास्टिक दुकान में धधक रही आग, किया गया पानी का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चार दिन का समय गुजरने के बावजूद राम मंदिर के समीप मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा दुकान में लगी आग नहीं बुझ पाई है। रविवार को दोपहर में दुकान में आग सुलगने एवं धुआ निकलने की सूचना पर दमकल लेकर पहुंचे फायरकर्मियों ने पानी का छिड़काव कर आग को नियंत्रित करने की कोशिश की।

वार्डवासियों ने बताया कि गोदाम के भूतल स्थित दुकान की आग अभी भी बुझी नहीं है। प्लास्टिक एवं पटाखे की राख के नीचे अभी भी भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां सुरक्षित बची हैं जिसमें अभी भी आग धधक रही है। लगातार आग धधकने के कारण दुकान सहित आसपास के भवनों का तापमान बढ़ गया है। आसपास के घरों में भी आग बरस रही है जिससे लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। वार्डवासियों ने पुलिस व प्रशासन पर व्यवसायी को बचाने का आरोप लगाया है। वार्डवासियों ने बताया कि प्रशासन द्वारा मामले की जांच के लिए विशेष दल का गठन किया गया है लेकिन दुकान एवं गोदाम के सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण व्यवसायी अपने लोगों के माध्यम से साक्ष्यों को मिटाने का प्रयास कर रहा है। शनिवार को कुछ व्यक्ति जेसीबी लेकर पहुंचे तथा जेसीबी को राम मंदिर के पास खड़ा कर दुकान का जायजा लेने घटनास्थल पर पहुंचे। 7 लोगों ने दुकान में घुसने की भी कोशिश की लेकिन दुकान से आग बरसने के कारण भीतर घुसने की हिम्मत नहीं जुटा सके तथा वापस लौट गए। वार्डवासियों ने व्यवसायी द्वारा मलबे के साथ छेड़छाड़ कर साक्ष्यों को मिटाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।




प्लास्टिक दुकान से उठता धूंआ।



फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के साथ मोहल्लेवासी।

### प्लास्टिक एवं पटाखा दुकान में आग लगने के मामले में व्यवसाइयों के विरूद्ध पीड़ित ने दर्ज कराई एफआईआर

राम मंदिर के निकट संकरी गली में संचालित मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा दुकान में आग लगने एवं आसपास के घरों एवं दुकान में भारी नुकसान होने के मामले में पुलिस ने एक पीड़ित की शिकायत पर दुकान संचालकों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराधिक मामला पंजीबद्ध किया है। मामले में राम मंदिर रोड निवासी प्रफुल्ल पाण्डेय ने शनिवार देर रात को कोतवाली थाने में कारोबारी मुकेश अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल उर्फ पम्मी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार 23 अप्रैल को दोपहर 12 से 12.30 बजे के मध्य मुकेश पटाखा एवं प्लास्टिक दुकान के गोदाम की छत पर चल रहे वेल्डिंग कार्य के दौरान निकली चिंगारी से गोदाम में आग भड़क गई जिससे गोदाम में भारी मात्रा में रखे गए पटाखों से विस्फोट होने लगा तथा देखते ही देखते आग भड़क गई। हादसे में आसपास के कई घरों को नुकसान पहुंचा है तथा कीमती सामान जलने के साथ ही भवनों को भारी नुकसान पहुंचा है तथा लोगों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 125, धारा 270 एवं 280 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मामले में विस्फोटक अधिनियम की धाराएं नहीं जोड़ी गई हैं जिससे जांच की दिशा पर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि जांच के लिए गठित दल की रिपोर्ट आने के बाद मामले में विस्फोटक अधिनियम सहित अन्य धाराएं जुड़ सकती हैं। आग से प्रभावित अन्य लोग भी निकटतम भविष्य में प्लास्टिक एवं पटाखा व्यवसाई के विरूद्ध कोतवाली थाना में अपनी रिपोर्ट दर्ज करा सकते है। रिपोर्ट में प्रफुल्ल पाण्डेय ने यह भी उल्लेख किया है कि व्यवसायियों द्वारा लम्बे समय से घनी आबादी के बीच अवैध रूप से भारी मात्रा में अवैध रूप से पटाखों एवं प्लास्टिक का भण्डारण कर कारोबार किया जा रहा था।

# ग्राम कल्याणपुर में पिकअप वाहन और स्विफ्ट कार की आमने सामने भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लटोरी चौकी क्षेत्र में रविवार सुबह अनियंत्रित रफ्तार की पिकअप वाहन और मारुति स्विफ्ट डिजायर कार की आमने सामने टक्कर हो गई जिसमें कार के साइड का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।प्राप्त जानकारी अनुसार स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 13 एए 5588 एवं पिकअप क्रमांक सीजी 04 क्यू डब्लू 2844 की ग्राम कल्याणपुर के समीप प्रातः आमने सामने टक्कर हो गई जिसमें स्विफ्ट कार चालक युवक को गंभीर घायल अवस्था में स्थानीय ग्रामीणों की मदद से अंबिकापुर अस्पताल इलाज हेतु भर्ती कराया गया है।देर शाम तक किसी भी पक्ष द्वारा पुलिस को घटना के सम्बन्ध में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है जिससे वास्तविक स्थिति का पता नहीं चल सका है।

- कार के साइड का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त, गंभीर रूप से घायल युवक को अंबिकापुर अस्पताल कराया गया भर्ती



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार।

# छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड की उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल हुए 12 हजार 889 परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले के 63 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण परीक्षा हुई। परीक्षा में पंजीकृत 19429 अभ्यर्थी में से 12 हजार 889 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 6 हजार 540 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

- 63 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हुई परीक्षा

जिला परीक्षा नोडल अधिकारी के निर्देशन में परीक्षा के सुचारू रूप हुई। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 तक हुई। इसी बीच परीक्षार्थी कुछ सवालों में उलझे रहे। अभ्यर्थियों के लिए पूर्व में दिशा निर्देश जारी किए गए थे और परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 9.30 बजे बंद कर दिया गया था। अभ्यर्थियों को कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचने कहा गया था ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। कई परीक्षा केन्द्रों में जारी आदेश के पालन नहीं करने पर परीक्षार्थियों कठिनाइयों का भी शामना करना पड़ा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने, काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित किया गया था लेकिन कई विद्यार्थी नियम का पालन नहीं किया तो उनके कपड़े को उतवाया गया। हालांकि जारी निर्देश के अनुरूप परीक्षार्थी किसी प्रकार के संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी परीक्षा से पूर्व ही हटा दिए थे। आज जिले के सभी 63 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न हुआ।



परीक्षार्थियों की जांच करते कर्मचारी।

# पछुआ विक्षोभ का प्रभाव : आसमान पर बढ़ेगी बादलों की आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के साथ ही अन्य मौसमी घटकों के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ गई है। मौसम विज्ञानी वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के साथ ही मौसम में व्यापक बदलाव आने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम में आए बदलाव से आगामी तीन दिनों तक तापमान में गिरावट होने के साथ ही गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

- गिरेगा तापमान

वर्तमान में उत्तर भारत में एक पछुआ विक्षोभ सक्रिय है जिसके प्रभाव से मौसम में व्यापक बदलाव आया है तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी झारखण्ड एवं आसपास के क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। कर्नाटक से तमिलनाडु होते हुए एक द्रोणिका वहीं महाराष्ट्र में एक प्रति चक्रवात सक्रिय है। एक साथ कई मौसमी घटकों के सक्रिय होने के कारण खाड़ी से लगातार नमी पहुंच रही है। भविष्य में नमी की मात्रा बढ़ने के साथ ही आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानी के अनुसार मौसम में आए बदलाव के कारण आगामी दो-तीन दिनों तक मौसम के प्रभावित रहने के साथ ही 60-70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है जो सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक है मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में तामपान में 2-3 डिग्री की कमी आने के साथ ही गर्मी से राहत मिलने की संभावना जताई जा रही है। रविवार को अपराह्न 3 बजे कुछ देर तक आसमान पर घने बादल छाए रहे। सोमवार से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।



# चोरी की अलग-अलग घटनाओं में चोरों ने पार किया सोने चांदी के जेवर

**अम्बिकापुर।** शहर सहित लुण्ड्रा क्षेत्र में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़ कमरे के अलमारी व पेटी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में चोरी का मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार अजिरमा खालपारा निवासी अनुज दास कुजूर आ. स्व. लाजरूस ने गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 16 अप्रैल को पत्नी सरस्वती कुजूर के साथ वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने घर में ताला लगाकर झारखंड गए थे। विवाह कार्यक्रम समाप्त होने के बाद 24 अप्रैल को वापस घर लौटे तो देखा दरवाजे में लगा ताला टूटा और कमरे में सामान बिखरा हुआ था। जब कमरे की तलाशी ली तो अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे। इसी प्रकार दूसरी घटना में लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम बगदरी निवासी सोमार साय आ. स्व. राम सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 18 अप्रैल को परिवार के साथ काम के सिलसिले में गए थे। इसी बीच घर में रखे पेटी से अज्ञात लोगों ने लगभग 45 हजार कीमत के चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने अपने नाती पर ही दोस्तों के साथ मिलकर चोरी करने की आशंका जताई है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात के विरूद्ध धारा चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप



### चलित थाना में ग्रामीणों को किया गया जागरूक, दी गई कानूनी जानकारी

**रामचंद्रपुर।** थाना प्रभारी द्वारा शनिवार को ग्राम पंचायत अनिरुद्ध पुर में चलित थाना आयोजित कर ग्रामवासियों को योजनाओं की जानकारी दी गई।थाना प्रभारी ने कहा कि हेलमेट लगाकर ही कहीं भी सफर करें।इससे आप खुद सुरक्षित रहेंगे और दुर्घटना से बचेंगे।उन्होंने साइबर ठगी से बचने के लिए अनजान व्यक्ति द्वारा फोन करउसे ओटीपी पूछे तो उड़े कोई भी जानकारी नहीं बताना चाहिए। उन्होंने अन्य आपराधिक घटनाओं के घटनाओं के सम्बंध में भी ग्रामीणों को जागरूक किया।चलित थाना में ग्रामीदों को बच्चों के ब्लॉग होने के बाद ही विवाह करने की सलाह दी गैथन प्रभारी ने कहा कि बल विवाह करना अपराध है तथा काम उम्र में विवाह करने सरने से बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।कोई भी छोटा-मोटा विवाद होने पर समाज में बैठकर उसे निपटा चाहिए तुरंत कोर्ट-कचहरी तथा पुलिस थाना में नहीं जाना चाहिए। कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाने से व्यर्थ के पैसे खर्च होते हैं।

### प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर संघ सूरजपुर में विनोद ठाकुर बने संगठन मंत्री

**बिश्रामपुर।** ऑटो संचालक विनोद ठाकुर को भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) से जुड़े प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर संघ, सूरजपुर का संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति यूनियन के कार्यों के विस्तार, पदाधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा प्राइवेट ट्रांसपोर्ट कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से की गई है। संघ पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि विनोद ठाकुर के नेतृत्व में मजदूरों की समस्याओं का प्रभावी निराकरण होगा और संगठन को नई मजबूती मिलेगी। इस नियुक्ति की सूचना की प्रति अखिल भारतीय महामंत्री बीएमएस,अखिल भारतीय प्रभारी (निजी क्षेत्र) एवं अखिल भारतीय परिवहन उद्योग प्रभारी, दिल्ली को प्रेषित की गई है।



### यात्री एवं राहगीरों के लिए ठंडी शरबत, प्याऊ की व्यवस्था




**राजपुर।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को ध्यान में रखकर नगर के समाजसेवी अशोक अग्रवाल एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल द्वारा ठंडा रसना शरबत प्याऊ की व्यवस्था की गई है। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह प्याऊ शुरू किया गया है। यहां राहगीरों, मजदूरों, ग्रामीणों और बाजार आने-जाने वाले लोगों के लिए ठंडा शरबत उपलब्ध कराया जा रहा है। तपती धूप में यह पहल लोगों के लिए काफी राहत भरी साबित हो रही है, जहां दूर-दूर से लोग आकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। अशोक अग्रवाल लंबे समय से समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय हैं। वे न केवल गर्मी के मौसम में शरबत वितरण की व्यवस्था करते हैं, बल्कि नवरात्रि के अवसर पर भी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण का आयोजन करते हैं, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नगरवासी भाग लेते हैं। इस पुनीत कार्य में आकाश अग्रवाल का भी सक्रिय योगदान देखने को मिल रहा है। दोनों समाजसेवियों की इस पहल को स्थानीय लोगों द्वारा सराहा जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि इस तरह के कार्य न केवल समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देते हैं, बल्कि जरूरतमंदों को राहत भी पहुंचाते हैं।

## लंबे अंतराल के बाद बोटिंग की सुविधा फिर से शुरू

# वन वाटिका में बढ़ी रौनक, बोटिंग और चिल्ड्रन पार्क बने आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

वन वाटिका में एक बार फिर लोगों की चहल-पहल बढ़ने लगी है। करीब एक दशक से बंद पड़ी वोटिंग सुविधा के दोबारा शुरू हो जापक यक स्थानीय लोगों और पर्यटकों को प्राकृतिक वातावरण के बीच नौका विहार का आनंद मिलने लगा है। वन विभाग की पहल और हिंडालको कंपनी के सहयोग से तालाब में नई नौकाएं तैयार की गई है। सुबह शाम हर रोज बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने से वन वाटिका एक बार फिर गुलजार हो गई है।

**खास बात**
- हर रोब बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग

जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल रामानुजगंज वन वाटिका इन दिनों नए आकर्षणों के कारण पर्यटकों की पहली पसंद बनती जा रही है। यहां लंबे अंतराल के बाद वोटिंग सुविधा फिर से शुरू की गई है, वहीं बच्चों के लिए आधुनिक चिल्ड्रन पार्क का भी विकास किया गया है। इन नई सुविधाओं के शुरू होने से क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। करीब 12 वर्षों के बाद वाटिका में दोबारा नौकायन शुरू होने से पर्यटकों में खासा उत्साह है। लोग प्राकृतिक वातावरण के बीच तालाब में वोटिंग का आनंद ले रहे हैं। परिवारों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया चिल्ड्रन पार्क बच्चों के लिए खास आकर्षण बन गया है। झूले और अन्य मनोरंजन सुविधाओं से यह स्थल परिवारों के लिए आदर्श पिकनिक स्पॉट बन गया है। नई सुविधाओं और बेहतर प्रबंधन के चलते रामानुजगंज वन वाटिका एक आदर्श पर्यटन स्थल के रूप में उभर रही है, जहां प्राकृतिक सुंदरता और आधुनिक सुविधाओं का संतुलित समावेश देखने को मिल रहा है।



बोट का आनंद लेते नगर के लोग।

### मंत्री ने किया था शुभारंभ

हाल ही में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने इन दोनों सुविधाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने भविष्य में और सुविधाएं विकसित करने का आश्वासन भी दिया।

### पर्यटकों की बढ़ती संख्या

वाटिका अब न केवल जिले बल्कि छत्तीसगढ़ और पड़ोसी झारखंड से आने वाले पर्यटकों को भी आकर्षित कर रही है। हर दिन बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचकर प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले रहे हैं।

### बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था

परिसर में प्रवेश के लिए दोपहिया और चार पहिया वाहनों हेतु शुल्क निर्धारित किया गया है। तालाब से लगभग 500 मीटर दूर पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे भीड़-भाड़ नियंत्रित हो रही है और लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। साथ ही सुरक्षा के लिए 24 घंटे होमगार्ड जवान तैनात हैं, जिससे असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगी है।

### अवैध कटाई पर नियंत्रण

कड़ी निगरानी के चलते आसपास के क्षेत्रों में अवैध जंगल कटाई पर भी काफी हद तक रोक लगी है। पहले यहां अंधाधुंध कटाई होती थी जिस पर अब कमी आता नजर आ रहा है। पहले पेड़ों की अवैध कटाई के कारण जंगल के अस्तित्व पर भी संकट गहरा गया था।

### वन विभाग का सतत प्रयास

रेंजर डॉ. दिलरुबा बानो के अनुसार वन वाटिका के विकास की यह शुरुआत है। आने वाले समय में इसे और अधिक सुविधाजनक व आकर्षक बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जाएंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से सहयोग की करने की बात कही है।

# फर्जी लोन स्वीकृति और भुगतान रोकने से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज




जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा रामानुजगंज में कथित फर्जी लोन स्वीकृति और भुगतान रोकने का मामला सामने आया है, जिससे एक आदिवासी परिवार को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- पीड़ित परिवार ने की एसडीएम से शिकायत

शिकायत के अनुसार ग्राम चाकी निवासी स्व. राजकुमार भूईया, जिनका निधन 9 दिसंबर 2019 को हो चुका है, उनके नाम पर 12 जून 2020 को 80 हजार रुपये का लोन स्वीकृत कर लिया गया। संबंधित खाता में पहले से लगभग 70 हजार रुपये धान विक्रय की राशि भी जमा बताई जा रही है। मृतक के परिजन, जिनमें पत्नी और पुत्र शामिल हैं, जब बैंक में जमा राशि निकालने पहुंचे तो उन्हें लगातार अलग-अलग बहाने बनाकर टाल दिया गया। पहले शपथ पत्र लाने को कहा गया, फिर समिति त्रिकुण्डा से नो ड्यूज प्रमाण पत्र मांगा गया। सभी दस्तावेज जमा करने के बावजूद करीब चार माह तक भुगतान नहीं किया गया। परिजनों का आरोप है कि 22 अप्रैल को शाखा प्रबंधक ने बताया कि खाते में 80 हजार रुपये का बकाया लोन दर्ज है और जब तक यह राशि जमा नहीं की जाएगी, तब तक भुगतान नहीं किया जाएगा। परिजनों का आरोप है कि बैंक प्रबंधक द्वारा उनके साथ जातिगत अभद्र व्यवहार किया गया और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। परिवार ने बताया कि उनके घर में विवाह कार्यक्रम है और आर्थिक संकट के चलते वे बेहद कठिन परिस्थिति में हैं। इस पूरे मामले को लेकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुमताज अंसारी ने भी नाराजगी जताई है।

उन्होंने कहा कि बैंक की लापरवाही और भ्रष्टाचार का खामियाजा एक गरीब आदिवासी परिवार भुगत रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। पीड़ित परिवार ने अनुविभागीय अधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा मृतक के खाते में जमा राशि दिलाने की मांग की है।

### सशिमं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**कुसमी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम की औपचारिक घोषणा विद्यालय के प्राचार्य संत कुमार तिवारी द्वारा की गई। विद्यालय के स्थानीय स्तर की कक्षाओं में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि दर्ज की गई। कक्षा अरुण से लेकर कक्षा सप्तम तक का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं विद्यार्थियों के परिश्रम का परिचायक है। कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम 85.8 प्रतिशत तथा कक्षा एकादश का परीक्षा परिणाम 76.9 प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही शिक्षकों एवं अभिभावकों के सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग की सराहना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक, शिक्षिका सहित व्यवस्थापक उमेश्वर ओझा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन परीक्षा प्रमुख ओमप्रकाश चौबे द्वारा किया गया। आचार्य बीरभद्र सिंह द्वारा सफल विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के लिए साल भर तैयारी करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवचरण श्रीवास, अंजू गुप्ता, सिकन्दर बड़ाईक, सोनामति, काजल, माधुरी, रामदयाल, शत्रुधन, पारस , अन्जु चौबे , नमिता, सविता, अंजेला, खुशबू , गोविन्दा उपस्थित रहे।



# सरगुजा ने महासमुंद को 5 विकेट से हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तहत आयोजित प्लेट ग्रुप के रोमांचक टी 20 मैच में सरगुजा ने महासमुंद को रोमांचक मुकाबले में 5 विकेट से हरा दिया। रायपुर पर खेले गए इस मैच ने दर्शकों को बांधे रखा। सरगुजा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो सही साबित हुआ।

पहली पारी में महासमुंद ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर हामिद रज़ा के 57 रनों की बदौलत 167 रन बनाए। सरगुजा के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। रक्षित सिंह और आराध्य गुप्ता ने 2-2 विकेट झटके, जबकि सौम्य केशरी ने 1 विकेट लिया। सरगुजा की कसी हुई गेंदबाजी ने महासमुंद के बल्लेबाजों को दबाव में रखा, जिससे उनका स्कोर सीमित रहा। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरगुजा की टीम ने 18 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। हर्ष दुबे ने नाबाद 54 रनों की धुंआधार पारी खेली, हरविंदर सिंह ने 48 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया,प्रधान ने 58 रनों की विस्फोटक बल्लेबाजी से टीम को मजबूती प्रदान की। इन बल्लेबाजों की शानदार फॉर्म ने सरगुजा को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचा दिया। सरगुजा की यह लगातार दूसरी जीत है जिससे खिलाड़ियों में हर्ष व्याप्त है। टीम के प्रदर्शन से उत्साहित संघ के कोषाध्यक्ष शैलू सिंह ने कहा हमारे गेंदबाजों ने शानदार शुरुआत दी और बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी से लक्ष्य हासिल किया। यह जीत पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। युवा खिलाड़ी बेहतरीन फॉर्म में हैं। वहीं संघ अध्यक्ष आदितेश्वर शरण सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हर्ष दुबे, हरविंदर और राहुल प्रधान खिलाड़ियों पर भरोसा था। यह जीत प्लेट ग्रुप में हमारी दावेदारी मजबूत करती है। आगे भी इसी टीम जज्बे से खेलेंगे।



# कॉलेज में पेयजल संकट अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रतापपुर स्थित शासकीय कालिदास महाविद्यालय में पेयजल संकट को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में बताया गया कि भीषण गर्मी के बीच कॉलेज में पेयजल की स्थिति बेहद खराब है और छात्र-छात्राओं को पीने के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। करीब 2 हजार विद्यार्थियों वाले इस महाविद्यालय में बुनियादी सुविधा का अभाव गंभीर चिंता का विषय है। इसके अलावा अभी महाविद्यालय में पानी का कोई स्थाई समाधान नहीं होने के कारण गर्ल्स वॉशरूम में पानी की कमी से गंदगी फैल रही है, साथ ही महाविद्यालय के सभी वाशरुम भी बंद और गंदगी युक्त पड़े हैं। ऐसे में छात्र छात्राओं सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और शौचालय का उपयोग भी मुश्किल हो गया है। अभाविप ने मांग की है कि कॉलेज परिसर में तत्काल बोरवेल खनन कराया जाए ताकि पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। ज्ञापन सौंपते के दौरान रिंकू नाविक, अभिषेक कुशवाहा, पीयूष मित्तल, श्याम यादव, दिलीप यादव, रंजीत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तालाबों पर भूमाफिया की नजर, एक व्यक्ति के दो अलग-अलग मृत्यु प्रमाण पत्र


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम अंतर्गत मास्टर प्लान 2021 में दर्ज तालाबों के रकबे में लगातार कमी और जलाशयों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मिश्रा ने मामले को उजागर करते हुए कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि रिंग बांध सहित कई तालाबों के जलभराव क्षेत्र को अवैध रूप से पाटा जा रहा है और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शासकीय अभिलेखों में हेरफेर कर संदिग्ध नामांतरण किए जा रहे हैं।

- सामाजिक कार्यकर्ता ने लगाया आरोप, जांच व एफआईआर की मांग

स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में श्री मिश्रा ने कहा कि 6.25 एकड़ में फैला रिंग बांध तालाब अब घटकर महज 57 डिसमिल रह गया है। जनवरी 2026 में इस शेष भूमि की भी रजिस्ट्री कर दी गई और तालाब के बड़े हिस्से को रातों-रात पाट दिया गया। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर नामांतरण निरस्त करने और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

श्री मिश्रा ने दस्तावेजों के आधार पर कई गंभीर अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि सेटलमेंट के अनुसार खसरा नंबर 3714, रकबा 0.57 एकड़ भूमि मूल रूप से किशुन बहादुर सिंह के नाम दर्ज थी, लेकिन वर्ष 1982-83 में यह जयलाल के नाम कैसे दर्ज हो गई, इसकी कोई जांच नहीं की गई। उन्होंने आगे बताया कि तहसीलदार न्यायालय के एक प्रकरण में आवेदिका ननकी बाई द्वारा प्रस्तुत जयलाल का मृत्यु प्रमाण पत्र 23 अप्रैल 1976 को होलीक्रॉस अस्पताल में मृत्यु दर्शाता है, जबकि यह प्रमाण पत्र 24 फरवरी 2018 को नगर निगम में पंजीकृत हुआ। संदेह तब और गहराता है जब इस प्रकरण के दौरान ही आवेदक की मृत्यु हो जाती है और मामला समाप्त कर दिया जाता है। इसी तरह दूसरे प्रकरण में आवेदक चंद्रशेखर यादव द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र में जयलाल की मृत्यु 12 अप्रैल 1963 को लखनपुर क्षेत्र में बताई गई है, जबकि यह प्रमाण पत्र 62 साल बाद 1 सितंबर 2025 को ग्राम पंचायत से जारी हुआ। मिश्रा का कहना है कि एक ही व्यक्ति के दो अलग-अलग मृत्यु प्रमाण पत्र होना स्पष्ट रूप से फर्जीवाड़े की ओर संकेत करता है। उन्होंने पटवारी और तहसील स्तर पर भी गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए। श्री मिश्रा के अनुसार, पटवारी द्वारा प्रस्तुत वंशवृक्ष में कई खामियां हैं और तहसीलदार लखनपुर के पत्रों में तारीख तक अंकित नहीं है। साथ ही, संबंधित पत्र क्रमांक भी अभिलेखों में उपलब्ध नहीं है, जिससे पूरे नामांतरण की प्रक्रिया संदिग्ध प्रतीत होती है। मिश्रा ने यह भी कहा कि दो अलग-अलग प्रकरणों में दो भिन्न वंशवृक्ष प्रस्तुत किए गए, लेकिन एक को नजरअंदाज कर दूसरे को ही आधार बना लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पटवारी द्वारा मनगढ़ंत वंश वृक्ष तैयार कर नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की गई, जो पूरी तरह अवैध है। उन्होंने मांग की कि फर्जी फौती नामांतरण को तत्काल निरस्त किया जाए और जिन व्यक्तियों के पक्ष में नामांतरण किया गया है, उसे रद्द कर तालाब के मूल स्वरूप को पुनर्जीवित किया जाए। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो शहर के अन्य जलाशय भी इसी तरह अतिक्रमण की भेंट चढ़ जाएंगे। प्रेस वार्ता के अंत में उन्होंने प्रशासन से अपील की कि जलभराव क्षेत्रों को संरक्षित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि शहर में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो और पर्यावरण संतुलन बना रहे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# ग्राम बलसेड़ी में किया गया प्रधानमंत्री के मन की बात का सामूहिक श्रवण




हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-1 के ग्राम बलसेड़ी में प्रधानमंत्री के मन की बात का सामूहिक श्रवण जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया के साथ कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा किया गया। इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सा परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया।

बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान जन चौपाल का आयोजन भी किया गया जिसमें ग्राम पंचायत के ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। श्रीमती सिसोदिया ने सभी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में श्रीमती सिसोदिया द्वारा बलसेड़ी स्थित शिव मंदिर के लगभग 5 लाख रुपये की लागत से होने वाले जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान परसा मंडल महामंत्री अमृत लाल यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रोहन मंडल, रमेश कुमार चेरवा, सरपंच हुबलाल, कुल्हाड़ी सरपंच करमचंद्र, मोती यादव, अनिल ठाकुर, चंद्रिका यादव, रमेश ठाकुर, गायत्री ठाकुर, शामिल राम, बालकुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### वसुंधरा विहार कॉलोनी के लोगों ने पेयजल संकट से महापौर का कराया अवगत

**अम्बिकापुर।** वसुंधरा फेस-4 लेक विव सोसाइटी के रहवासियों ने सोसायटी अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में महापौर श्रीमती मंजुषा भगत से मुलाकात की। साथ ही पिछले डेढ़ माह से चल रही पानी की समस्या के संबंध में अवगत कराया और हो रही परेशानी के संबंध में बताया। महापौर ने आश्वासन दिया की जल्द ही समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा और लोगों को पेयजल की समस्या से परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में सोसाइटी के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
इलाज में सबसे सस्ता, व्यवस्था में सबसे अच्छा
जोड़ा तालाब के सामने, बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल - जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB - शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB, Ortho - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी. के. ढामले - MBBS, DCH, DNB - नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गाड़िया - MBBS, MS (General Surgeon) - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. भावना गाड़िया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता - श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS, DNB, Ortho - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा - एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. सुरभि - दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथेरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
9826183780, 8224007799, 9425583780, 9406183780
8224007766, 8224007755, 9406183780, 8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411